**980502 - B1**

| विद्यार्थी उत्तर-पुस्तिका में मुख पृष्ठ पर कोड नं. अवश्य लिखें। |
|---|

# Class - IX
# कक्षा - IX

# HINDI
# हिन्दी

## (Course B)
## ( पाठ्यक्रम ब )

निर्धारित समय : **3** घंटे] [अधिकतम अंक : **80**

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **15** हैं।
- प्रश्न-पत्र में बाएँ हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **18** प्रश्न हैं।
- कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए **15** मिनट का समय दिया गया है। इस अवधि के दौरान छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।

**निर्देश :**

(i) इस प्रश्न-पत्र के **चार** खंड हैं — **क, ख, ग** और **घ**।

(ii) चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना **अनिवार्य** है।

(iii) यथासंभव प्रत्येक खंड के उत्तर **क्रमानुसार** दीजिए।

# खंड 'क'

1. अपठित गद्यांश **5**

लोग कहते हैं कि आकाश और ज़मीन कभी एक नहीं होते और वे यह भी कहते हैं कि प्रकृति और पुरूष की धमाचौकड़ी में सदा प्रकृति पराजित होती है, पुरूष विजयी होता है। मेरा अनुरोध है कि देखें एक बार वे भारत के मुकुट कश्मीर को, जहाँ सुषमा हँसती है, सौंदर्य बिखरता है। झील के थिर पानी पर सूर्य की स्वर्ण लहरी उठती है। पहाड़ों पर बादलों की परत की इंद्रधनुषी तरंग पर जलतरंग की स्वर्ण लहरी उठती है। पहाड़ों पर बादलों की परत की परत आसमान से बातें करती दिखाई देती है और शिखर से नीचे देखने पर आकाश ही ज़मीन पर मालूम होता है। अतएव्, देखकर जिससे जी न भरे ऐसी यहाँ की छटा है, चखकर जिसका स्वाद न मिटे ऐसी यह खुराक है और सुनकर जो कानों के बाहर न निकले ऐसा यह संगीत है। यहाँ की चप्पे-चप्पे ज़मीन कुदरत की ऐसी प्यारी देन है, जो इन्सान नहीं गढ़ सकता, भगवान ही उसका निर्माण कर सकता है।

उपर्युक्त गद्यांश को पढ़कर सही विकल्प को चुनकर लिखिए।

(क) लेखक के अनुसार कश्मीर का निर्माण किसने किया है? **1**

(i) इंसान (ii) भगवान

(iii) परिस्थिति (iv) वातावरण

(ख) जो कानों के बाहर न निकले ऐसा यह संगीत है, कहने का अर्थ है? **1**

(i) अत्यधिक शोर के कारण संगीत का सुनाई न देना।

(ii) संगीत में अरूचिकर शब्दों का चयन।

(iii) संगीत जो अंतःमन को छू जाए।

(iv) चालू संगीत।

(ग) पहाड़ों पर बादलों की परत किससे बातें करती है? **1**

(i) पहाड़ों से (ii) पहाड़ों पर उगे पेड़ों से

(iii) आसमान से (iv) झीलों से

(घ) लेखक के अनुसार प्रकृति और पुरूष की धमाचौकड़ी में जय-पराजय किसमें होता है ? **1**

(i) प्रकृति पराजित पुरूष विजयी

(ii) प्रकृति विजयी पुरूष पराजित

(iii) दोनों पराजित

(iv) दोनों विजयी

(ङ) मेरा अनुरोध है कि देखें एक बार वे भारत के मुकुट कश्मीर को, जहाँ सुषमा हँसती है सौंदर्य बिखरता है। यहाँ पर सुषमा कौन है? **1**

(i) एक लड़की का नाम (ii) एक नारी का नाम

(iii) प्रकृति (iv) सुन्दरता

2. अपठित गद्यांश **5**

कभी अफ़सर को जाते हुए देखिए। तबादले का दृश्य बड़ा रोचक होता है। कहा जाता है कि इस मौके पर हम क्या कहें। एक तरफ़ हमें बड़ा अफसोस है कि वर्मा साहब आज हमारे बीच से जा रहे हैं, दूसरी तरफ़ हमें खुशी भी है कि शर्मा साहब हमारे बीच आ रहे हैं। विदाई का भाषण देने वाले के सामने धरम संकट रहता है। नए अफ़सर को मक्खन लगाने और जाते हुए के लिए शाब्दिक अफसोस प्रकट करने की मिश्रित अभिव्यक्ति के लिए उसे शब्द नहीं सूझते। कुछ शब्द हैं जो कह दिए जाते हैं और जाता हुआ अफ़सर संतोष कर लेता है। एक प्लेट से चमचा कूदकर दूसरी प्लेट में आ जाता है। नया अफ़सर यानी सब कुछ नया। यहाँ की टेबल वहाँ और वहाँ की टेबल यहाँ। सफ़ाई, झाड़ू, चुस्त। नये अफ़सर को क्रोटन पसन्द है, सो पुराने अफ़सर के कैक्टस गए भाड़ में। पंक्चुअलटी पर विशेष जोर। साढ़े दस यानी, साढ़े दस। बड़े बाबू की परेड और चपरासी का ओवरटाइम। नया अफ़सर आया है तो बिगड़ी गाड़ी दूरुस्त होगी। पर यह सारी चुस्ती शुरू के दो माह, बाद में वही ढर्रा। तब तक बड़े बाबू और अफ़सर में सूत्र जुड़ जाते हैं और दुरूस्त गाड़ी फिर उसी चाल से चलने लगती है जैसे बिगड़ी गाड़ी चलती है।

उपर्युक्त गद्यांश को पढ़कर सही विकल्प को चुनकर लिखिए।

(क) नए अफ़सर के आने पर किस बात पर विशेष जोर दिया जाता है? **1**

(i) अनुशासन पर (ii) योग्यता पर

(iii) क्रोटन पर (iv) पंक्चुअलटी पर

(ख) पुराने अफ़सर की पसंद क्या थी? **1**

(i) गुलाब (ii) डालिया

(iii) एलोवेरा (iv) कैक्टस

(ग) नया अफ़सर आया है तो बिगड़ी गाड़ी दुरूस्त होगी – का तात्पर्य है। **1**

(i) ऑफिस की गाड़ी मरम्मत होगी।

(ii) पुराने अफ़सर की गाड़ी मरम्मत होगी।

(iii) ऑफिस के माहौल को ठीक किया जायेगा।

(iv) नए अफ़सर के लिए नई गाड़ी आएगी।

(घ) विदाई का भाषण देने वाले के सामने धरम-संकट रहता है, क्यों? **1**

(i) अफ़सोस व्यक्त करना पड़ता है।

(ii) खुशी जाहिर करनी पड़ती है।

(iii) जाने वाले के लिए अफसोस और आने वाले के लिए खुशी।

(iv) उसे कोई जानकारी नहीं होती।

(ङ) दुरूस्त हुई गाड़ी फिर बिगड़ी गाड़ी की तरह कैसे चलने लगती है? **1**

(i) बड़े बाबू और नए अफ़सर में झगड़े होते हैं।

(ii) बड़े बाबू परेड करने के लिए मना करते हैं।

(iii) बड़े बाबू और अफ़सर में सूत्र जुड़ जाते हैं।

(iv) नए अफ़सर को ऑफिस का माहौल अच्छा नहीं लगता है।

3. अपठित काव्यांश– **5**

सच हम नहीं सच तुम नहीं
सच है महज संघर्ष ही
संघर्ष से हट कर जिए तो क्या जिए हम या कि तुम।
जो नत हुआ वह मृत हुआ ज्यों वृंत से झर कर कुसुम।
जो लक्ष्य भूल रूका नहीं।
जो हार देख झुका नहीं।
जिसने प्रणेय पाथेय माना जीत उसकी ही रही।
सच हम नहीं सच तुम नहीं।
ऐसा करो जिससे न प्राणों में कहीं जड़ता रहे।
जो है जहाँ चुपचाप अपने आप से लड़ता रहे।
जो भी परिस्थितियाँ मिलें।
काँटे चुभें, कलियाँ खिलें।
हारे नहीं इंसान, है संदेश जीवन का यही।
सच हम नहीं सच तुम नहीं।

उपरोक्त काव्यांश के आधार पर प्रश्नों के उचित विकल्प छाँटकर लिखिए।

(क) कवि के अनुसार सच क्या है? **1**

(i) हम और तुम (ii) लक्ष्य
(iii) संघर्ष (iv) परिस्थितियाँ

(ख) इस काव्यांश का मूल-भाव है– **1**

(i) पराजय को स्वीकार नहीं करना (ii) लक्ष्य को देख कर रूकना
(iii) सबके सामने झूकना (iv) चुपचाप चलते रहना

(ग) पद्यांश के आधार पर बताइए जीत किसकी होती है– **1**

(i) जो कठिनाइयों से प्रेम करता हो
(ii) जिसके प्राणों में जड़ता आ जाती है
(iii) जो फूल डाल से टूट कर गिरते हैं
(iv) हारने पर लक्ष्य भूल जाते हैं

(घ) 'प्रणय' का अर्थ है– **1**

(i) विरक्ति (ii) नफ़रत
(iii) प्रेम (iv) अहंकार

(ङ) 'जो नत हुआ वह मृत हुआ' कवि ने ऐसा क्यों कहा है? **1**

(i) झूके हुए इंसान का अस्तित्व नहीं होता।
(ii) झूके हुए इंसान का कोई परिचय नहीं होता।
(iii) झूके हुए इंसान का आत्मसम्मान नहीं रहता।
(iv) उपर्युक्त सभी

4. अपठित काव्यांश **5**

मैं तुम्हारी मौन करूणा का सहारा चाहता हूँ।
जानता हूँ, इस जगत में,
फूल की है आयु कितनी,
और यौवन की उभरती
साँस में है वायु कितनी
इसलिए आकाश का विस्तार
सारा चाहता हूँ।
मैं तुम्हारी मौन करूणा का सहारा चाहता हूँ।
प्रश्न-चिह्नों में उठी हैं
भाग्य सागर की हिलोरें।
आँसुओं से रहित होंगी
क्या नयन की नमित कोरें?
जो तुम्हें कर दे द्रवित
वह अश्रु धारा चाहता हूँ
मैं तुम्हारी मौन करूणा का सहारा चाहता हूँ।

उपर्युक्त काव्यांश के आधार पर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर विकल्प से छाँटिए।

(क) प्रस्तुत कविता में 'तुम्हारी' शब्द किसके लिए प्रयुक्त हुआ है? **1**

(i) प्रेमिका (ii) पत्नी
(iii) माँ (iv) ईश्वर

(ख) कवि 'आकाश का विस्तार सारा चाहता हूँ' क्यों कहना चाहता है? **1**

(i) साम्राज्य विस्तार (ii) बहुत ऊँचा ओहदा
(iii) विशाल हृदय (iv) बुद्धिमान

(ग) 'साँस में है वायु कितनी' का तात्पर्य समझाइए। **1**

(i) वायु में मिलावट है। (ii) वायु का आवागमन ठीक नहीं है।
(iii) साँस की रफ्तार धीमी है। (iv) साँस का दूसरा नाम वायु ही है अर्थात प्राणवायु।

(घ) कवि मौन करूणा का सहारा क्यों चाहता है? **1**

(i) ईश्वर की अनुकम्पा चाहता है।
(ii) भाग्यवान होना चाहता है।
(iii) परिस्थितियों को वश में करना चाहता है।
(iv) सुख-वैभव चाहता है।

(ङ) फूल की आयु और यौवन की साँस से कवि व्यक्त करना चहता है। **1**

(i) भौतिक आनंद (ii) क्षणभंगुरता
(iii) प्रकृति की सुन्दरता (iv) चिर आनंद

## खंड 'ख'

5. (i) 'वृषभ' का सही वर्ण-विच्छेद है- **1**

(क) व् + र् + अ + ष् + अ + भ् + अ

(ख) व् + ॠ + ष् + अ + भ् + अ

(ग) व् + र् + इ + ष् + अ + भ + अ

(घ) व् + र् + इ + ष् + भ् + अ

(ii) 'मिलन' शब्द का वर्ण-विच्छेद है- **1**

(क) म् + इ + ल + न् + अ

(ख) इ + म् + ल् + अ + न् + अ

(ग) म् + इ + ल् + अ + न् + अ

(घ) इ + म् + अ + ल् + अ + न्

(iii) नीचे दिए शब्दों में 'र' का सही प्रयोग किसमें हुआ है- **1**

(क) डॉमा, राष्ट्र

(ख) स्रुर्ति, श्रवण

(ग) श्रमिक, उत्सर्ग

(घ) प्रयोग, ग्रास

(iv) 'चञ्चल' का मानक रूप कौन सा है? **1**

(क) चचंल

(ख) चंचल

(ग) चन्चल

(घ) चण्चल

6. (i) नीचे दिए शब्दों में से सही अनुस्वार शब्द छाँटकर लिखिए- **1**

(क) कँपंन

(ख) कंपँन

(ग) कपंन

(घ) कंपन

(ii) निम्नलिखित शब्दों में से सही नुक्ता वाले शब्द छाँटिए – **1**

(क) त़ूफान, ज़रूर

(ख) तूफ़ान, जऱूर

(ग) तूफ़ान, ज़रूर

(घ) त़ूफान, ज़रूर

(iii) 'संस्थान' शब्द में प्रयुक्त उपसर्ग व मूल शब्द है– **1**

(क) सम् + स्थान

(ख) सन् + स्थान

(ग) समस् + थान

(घ) संस् + थान

(iv) 'परोपजीवी' शब्द में प्रयुक्त उपसर्ग है– **1**

(क) परो + पजीवी

(ख) पर + उपजीवी

(ग) परा + उपजीवी

(घ) पर् + उपजीवी

7. (i) 'झपकी' शब्द में प्रयुक्त प्रत्यय है– **1**

(क) की

(ख) अई

(ग) अकी

(घ) ई

(ii) 'तेजस्वी' शब्द में मूल शब्द व प्रत्यय है– **1**

(क) तेज + स्वी

(ख) तेजस् + वी

(ग) तेजस् + अई

(घ) तेज + अई

(iii) 'पथिक' शब्द का पर्यायवाची है– **1**

(क) वल्लभ

(ख) भूसुर

(ग) सफरी

(घ) बटोही

(iv) 'मुकुट' शब्द का पर्यायवाची नहीं है– **1**

(क) किरीट

(ख) ताज़

(ग) केकी

(घ) सिरताज

8. (i) 'औचित्य' शब्द का विलोम है– **1**

(क) औपचित्य

(ख) अनौचित्य

(ग) अन्चित्य

(घ) अनोचित्य

(ii) 'जंगम' शब्द का विलोम नहीं है– **1**

(क) स्थावर

(ख) स्थिर

(ग) सुषुप्ति

(घ) स्थाइत्व

(iii) 'अंजाम' शब्द के अनेकार्थक रूप है– **1**

(क) सामान्य, नतीज़ा

(ख) नतीज़ा, समाप्ति

(ग) अनुकूल, समाप्ति

(घ) सारा, पूर्ति

(iv) 'कनक' शब्द का अनेकार्थक शब्द नहीं है– **1**

(क) सोना

(ख) धतूरा

(ग) सूँड़

(घ) गेहूँ

9. (i) 'गोद लिया हुआ पुत्र' के लिए उचित शब्द है– **1**

(क) दत्तक

(ख) गोदी

(ग) दत्ता

(घ) अवैध

(ii) 'अगम्य' शब्द के लिए उपयुक्त वाक्यांश है– **1**

(क) जहाँ आया न हो सके

(ख) जहाँ जाया जा सके

(ग) जहाँ आ सके

(घ) जहाँ जाया न जा सके

(iii) 'अँधेरे में रखना' मुहावरे का अर्थ है– **1**

(क) प्रकाश से दूर रहना

(ख) अंधकार कर देना

(ग) ठीक स्थिति न बताना

(घ) अयोग्य व्यक्ति

(iv) ईर्ष्यावश किसी के काम में ______ चाहिए। रिक्त स्थान की पूर्ति उचित मुहावरे से कीजिए। **1**

(क) अड़चन नहीं डालना

(ख) अड़चन डालना

(ग) रूकावट डालना

(घ) असमंजस में पड़ना

## खंड 'ग'

10. किसी एक काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर विकल्पों से छाँटिए। **5**

धनि रहीम जल पंक को लघु जिय पियत अघाय।
उदधि बड़ाई कौन है, जगत पियासो जाय ॥
रहिमन धागा प्रेम का, मत तोड़ो चटकाय।
टूटे से फिर ना मिले, मिले गाँठ परि जाय ॥

(i) रहीम प्रेम का धागा न तोड़ने की बात क्यों कहते हैं? **1**

(क) धागा कच्चा होता है
(ख) प्रेम नहीं करना चाहिए
(ग) अविश्वास और संदेह से प्रेम नहीं रहता
(घ) धागा रेशम का नहीं होता

(ii) सागर की बड़ाई क्यों नहीं होती? **1**

(क) इस जल से काफ़ी गंदगी नहीं निकलती है।
(ख) इस जल से किसी की प्यास नहीं बुझती।
(ग) इसमें काफ़ी मछलियाँ होती है।
(घ) सागर से पानी निकालना मुश्किल होता है।

(iii) रहीम ने पंक जल को धन्य क्यों कहा है? **1**

(क) इस जल से जीवों की प्यास बुझती है।
(ख) यह जल पीने के योग्य होता है।
(ग) पंक जल मीठा होता है।
(घ) उपर्युक्त सभी।

(iv) प्रेम की डोर किससे बँधी होती है? **1**

(क) धागा से
(ख) विश्वास से
(ग) क्रोध से
(घ) छल से

(v) जिय और पियासो का मानक रूप लिखिए– **1**

(क) जिअ, प्यास
(ख) जीव, प्यासा
(ग) जीअ, पीयास
(घ) जी, प्यास

अथवा

यां आदमी पै जान को वारे है आदमी
और आदमी पै तेग को मारे है आदमी
पगड़ी भी आदमी की उतारे है आदमी
चिल्ला के आदमी को पुकारे है आदमी
और सुनके दौड़ता है सो है वो भी आदमी ।।

(i) आदमी आदमी की पगड़ी कब उतारता है? **1**

(क) जब उसे दूसरे की पगड़ी अच्छी लगती है।

(ख) जब ख़ुद के पास पगड़ी नहीं होती है।

(ग) किसी शादी–ब्याह में जाने की ज़रूरत पड़ती है।

(घ) किसी की इज्जत उछाली जाती है।

(ii) चिल्ला के आदमी का पुकारना और सुनकर दौड़ना में कवि ने किस पक्ष का उल्लेख किया है? **1**

(क) सकारात्मक पक्ष

(ख) नकारात्मक पक्ष

(ग) सकारात्मक और नकारात्मक पक्ष

(घ) उपरोक्त सभी

(iii) प्रस्तुत कविता पढ़ने पर मनुष्य की कौन सी छवि उभरती है? **1**

(क) अच्छा आदमी

(ख) बुरा आदमी

(ग) अच्छा और बुरा कर्म के अनुसार बना आदमी

(घ) दिखावा

(iv) आदमी आदमी को चिल्लाकर क्यों पुकारता है? **1**

(क) दूसरा आदमी बहरा होता है।

(ख) पहले आदमी को संदेह है शायद सुनाई नहीं दे रहा।

(ग) मुसीबत में फँसे होने के कारण सहायता के लिये।

(घ) आदत से मजबूर।

(v) आदमी एक दूसरे की पगड़ी क्यों उतारता है? **1**

(क) नफ़रत के कारण

(ख) ईर्ष्या एवं नफ़रत के कारण

(ग) आस्था, विश्वास और प्रेम के कारण

(घ) लालच के वश में आकर

11. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर संक्षेप में दीजिए– **2.5+2.5=5**

(क) हम हीरे से लिपटी हुई धूल को माथे से लगाना कब सीखेंगे?

(ख) 'दुःख का अधिकार' पाठ में लेखक ने संभ्रांत महिला की चर्चा क्यों की है?

(ग) लेखिका किसे देख भौंचक्की रह गई और देर तक निहारती रही?

(घ) बुढ़िया के परिवार में कौन–कौन था और उनका गुजारा कैसे चलता था?

12. जीवन के लिए सारे अनिवार्य सारतत्व मिट्टी से ही मिलते हैं, स्पष्ट करें। **5**

अथवा

चढ़ाई के समय एवरेस्ट की चोटी की स्थिति कैसी थी?

13. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए। **5**

एक आदमी ने घृणा से एक तरफ थूकते हुए कहा "क्या ज़माना है ! जवान लड़के को मरे पूरा दिन नहीं बीता और यह बेहया दुकान लगा के बैठी है।" दूसरे साहब अपनी दाढ़ी खुजाते हुए कह रहे थे, "अरे जैसी नीयत होती है अल्ला भी वैसी ही बरकत देता है।"

सामने के फुटपाथ पर खड़े एक आदमी ने दियासलाई की तीली से कान खुजाते हुए कहा, "अरे, इन लोगों का क्या है? ये कमीने लोग रोटी के टुकड़े पर जान देते हैं। इनके लिए बेटा–बेटी, खसम लुगाई, धर्म–ईमान सब रोटी का टुकड़ा है।"

(i) प्रस्तुत गद्यांश के लेखक है? **1**

(क) यशपाल

(ख) यशपाल मेहता

(ग) यशपाल शर्मा

(घ) यशपाल भारती

(ii) उस आदमी ने एक तरफ़ घृणा से क्यों थूका? **1**

(क) काफ़ी गंदगी फैली थी

(ख) वह जगह बैठने लायक नहीं थी

(ग) काफ़ी भीड़ थी

(घ) उसे उस औरत का दुकान लगा के बैठना अच्छा नहीं लगा

(iii) जवान लड़के को मरे पूरा दिन नहीं बीता और यह बेहया दुकान लगा के बैठी है– में किस स्थिति का पता चलता है? **1**

(क) शोचनीय आर्थिक अवस्था ।

(ख) बाज़ार का नियम ।

(ग) अपना नुकसान नहीं चाहना ।

(घ) दुकान में बैठने के लिए कोई और नहीं था ।

(iv) लोग उसके दुकान लगा के बैठने के कारण तरह–तरह की बातें क्यों कर रहे थे? **1**

(क) लोगों को एक औरत का दुकान लगाकर बैठना पसंद नहीं था।

(ख) सूतक के दिनों में सामान बेचने पर खरीददार का धर्म बिगड़ता है।

(ग) लोगों को उसकी बेइज्जती करने में मज़ा आ रहा था।

(घ) लोगों को चर्चा के लिए एक विषय–वस्तु की आवश्यकता थी।

(v) 'बेहया' का अर्थ है– **1**

(क) जिसमें हया न हो

(ख) जिसमें लज्जा न हो

(ग) शर्मरहित

(घ) उपर्युक्त सभी

अथवा

अखाड़े की मिट्टी में सनी हुई देह से तो कहीं उबकाई ही आने लगे। जो बचपन में धूल से खेला है, वह जवानी में अखाड़े की मिट्टी में सनने से कैसे वंचित रह सकता है? रहता है तो उसका दुर्भाग्य है और क्या! यह साधारण धूल नहीं हैं, वरन् तेल और मट्ठे से सिझाई हुई वह मिट्टी है, जिसे देवता पर चढ़ाया जाता है। संसार में ऐसा सुख दर्लभ है। पसीने से तर बदन पर मिट्टी ऐसे फिसलती है, जैसे आदमी कुआँ खोदकर निकला हो। उसकी माँसपेशियाँ फूल उठती हैं, आराम से वह हरा होता है, अखाड़े में निर्द्वंद्व चारों खाने चित्त लेटकर अपने को विश्वविजयी लगाता है। मिट्टी उसके शरीर को बनाती है क्योंकि शरीर भी तो मिट्टी का ही बना हुआ है।

(i) 'आराम से वह हरा होता है' यहाँ पर हरा का तात्पर्य क्या है? **1**

(क) रंग

(ख) रंगीन मिज़ाज

(ग) खुशी

(घ) मात्र एक शब्द

(ii) पसीने से तर बदन पर मिट्टी फिसलती क्यों है? **1**

(क) शरीर पसीने से गीला होता है।

(ख) मिट्टी का काम है फिसलना।

(ग) तेल और मट्ठे से सिझाई होती है।

(घ) मिट्टी खुरदुरा होता है।

(iii) 'रहता है तो उसका दुर्भाग्य है और क्या' उपर्युक्त पंक्ति में ऐसा किसके लिए कहा गया है? 1

(क) छोटे शिशु के लिए

(ख) जवान व्यक्ति के लिए

(ग) देशभक्तों के लिए

(घ) वृद्धों के लिए

(iv) किस आधार पर आप सहमति देंगे कि मिट्टी शरीर को बनाती है? 1

(क) साहित्य के आधार पर

(ख) इतिहास के आधार पर

(ग) विज्ञान के आधार पर

(घ) वेदों के आधार पर

(v) लेखन ने अखाड़े की मिट्टी को साधारण धूल मानने से इंकार क्यों किया है? 1

(क) अखाड़े की मिट्टी तेल और मट्ठे से सिझाई होती है।

(ख) इसे देवता पर चढ़ाया जाता है।

(ग) अखाड़े में पहलवान चित्त लेटकर स्वयं को विश्वविजयी समझता है।

(घ) उपर्युक्त सभी

14. (क) पठित दूसरे पद के आधार पर बताइए कि रैदास के स्वामी ने किनका उद्धार किया है? 2

(ख) कवि रहीम ने अपने मन की व्यथा को बाँटने के लिए मना क्यों किया है? 2

(ग) आदमी ने मसज़िद का निर्माण क्यों किया है? 1

15. लेखिका को क्यों लगा कि गिल्लू को मुक्त करना आवश्यक है और इसके लिए उन्होंने क्या किया? 3

अथवा

लेखक चिट्ठियों को कुएँ से निकालने के लिए बाध्य क्यों था?

16. त्रिपुरा के कौन से महत्त्वपूर्ण शहर बांग्लादेश के सीमा के करीब है ? 2

## खंड 'घ'

17. दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर लगभग 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखें। **5**

(क) का वर्षा जब कृषि सुखाने

- वर्षा की उपयोगिता
- समय का सदुपयोग
- धन से अधिक मूल्यवान
- निष्ठा से समय पर कार्य करना

(ख) राष्ट्र के प्रति मेरा कर्त्तव्य

- सात्विक और उच्च भावना
- सेवा, त्याग और परोपकार
- अपना हित छोड़ देश का हित
- बाधक तत्वों को दूर करने के प्रयास

(ग) राजनीति में बढ़ता हुआ अपराधीकरण

- कुर्सी के लिए संघर्ष
- भ्रष्टाचार व अपराधवृत्ति से हथियाने की कोशिश
- नोट से वोट, वोट से कुर्सी, कुर्सी से नोट
- जागृति आवश्यक

18. अपने छोटे भाई को अध्ययनशील होने की सलाह देते हुए पत्र लिखिए। **5**

अथवा

आपकी वार्षिक परीक्षा खत्म हो चुकी है अतः योगा कोर्स में दाखिला लेने के लिए पिताजी को पत्र लिखकर सूचित कीजिए।

**- o O o -**